इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 49] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 8 दिसम्बर 2017—अग्रहायण 17, शक 1939

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 नवम्बर, 2017

क्र. ई-5-841-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती जयश्री कियावत, आयएएस., आयुक्त, महिला सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम तथा आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन को दिनांक 4 से 13 दिसम्बर 2017 तक, दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है साथ ही दिनांक 02, 03 दिसम्बर 2017 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्रीमती जयश्री कियावत की अवकाश अवधि में श्री संदीप यादव, भाप्रसे आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश तथा आयुक्त, विमानन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक आयुक्त, महिला सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम तथा आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती जयश्री कियावत को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, महिला सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2017.

तथा आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है,

(4) श्रीमती जयश्री कियावत द्वारा आयुक्त, महिला सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम तथा आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री संदीप यादव, भाप्रसे उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती जयश्री कियावत को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती जयश्री कियावत अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई.-5-857-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी., आयएएस., कलेक्टर, जिला पन्ना को समसंख्यक आदेश दिनांक 6 एवं 16 नवम्बर 2017 द्वारा दिनांक 16 नवम्बर से 14 मई 2017 तक एक सौ अस्सी दिन का मातृत्व अवकाश स्वीकृत किया गया है, में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 22 नवम्बर 2017 से 21 मई 2018 तक, एक सौ अस्सी दिन का संशोधित/ पुनरीक्षित मातृत्व अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी. की अवकाश अवधि में डॉ. गिरीश मिश्रा, भाप्रसे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, पन्ना अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला पन्ना का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी. को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला पन्ना के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी. द्वारा कलेक्टर, जिला पन्ना का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. गिरीश मिश्रा, भाप्रसे, कलेक्टर, जिला पन्ना के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री आईरिन सिंथिया जे. पी. अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 22 नवम्बर 2017

क्र. ई-1-329-2017-5-एक.—श्री सचिन सिन्हा, भा.प्र.से. (1995), सचिव मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवा कल्याण की सेवाएं भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को प्रतिनियुक्ति पर संयुक्त सचिव, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पद पर पदस्थापना हेतु कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 05 वर्ष की अवधि अथवा आगामी आदेश तक जो भी पहले हो, के लिए सौंपी जाती है.

क्र. ई-5-594-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री प्रमोद अग्रवाल, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग को दिनांक 26 दिसम्बर से 1 जनवरी 2018 तक, सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 24, 25 दिसम्बर 2017 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री प्रमोद अग्रवाल की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री मनीष रस्तोगी, भा.प्र.से. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा पदेन सचिव लोक निर्माण विभाग तथा संचालक, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री प्रमोद अग्रवाल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री प्रमोद अग्रवाल द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री मनीष रस्तोगी, भाप्रसे उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री प्रमोद अग्रवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रमोद अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-1-404-2017-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाए भाप्रसे अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए गए पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से, पदस्थ किया जाता है:—

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना (3) में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया है
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री राधेश्याम जुलानिया (1985), वि.क.अ.-सह-विकास आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.	अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग.	अध्यक्ष, राजस्व मण्डल
2	श्री इकबाल सिंह बैंस (1985), अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग, आनंद विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग (अतिरिक्त प्रभार).	वि.क.अ.-सह-विकास आयुक्त एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग तथा आनंद विभाग.	अध्यक्ष, राजस्व मण्डल
3	श्री आई.सी.पी. केशरी (1998), विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग तथा विशेष आयुक्त (समन्वय), मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली का (अतिरिक्त प्रभार).	—
4	श्री मोहम्मद सुलेमान (1989), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं प्रवासी भारतीय विभाग (अतिरिक्त प्रभार).	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग तथा प्रवासी भारतीय विभाग.	—
5	श्री मनोज गोविल (1991), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश जल निगम.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग तथा आयुक्त-सह-संचालक, संस्थागत वित्त (अतिरिक्त प्रभार).	—
6	श्री प्रमोद अग्रवाल (1991), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश जल निगम.	—
7	श्री पंकज अग्रवाल (1992), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग.	—

(1)	(2)	(3)	(4)
8	श्री अनुपम राजन (1993), पर्यावरण आयुक्त एवं कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) तथा आयुक्त, जनसम्पर्क तथा आयुक्त-सह-संचालक, पुरातत्व एवं संग्राहलय मध्यप्रदेश	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग तथा पर्यावरण आयुक्त, महानिदेशक एप्को एवं प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन तथा आयुक्त-सह-संचालक, पुरातत्व एवं संग्रहालय, मध्यप्रदेश (अतिरिक्त प्रभार).	—
9	श्री अनिरुद्ध मुखर्जी (1993), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग.	—
10	श्री अमित राठौर (1996) सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग तथा आयुक्त-सह-संचालक, संस्थागत वित्त (अतिरिक्त प्रभार).	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.	—
11	श्री संदीप यादव (2000), आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश तथा आयुक्त, विमानन (अतिरिक्त प्रभार).	आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन तथा आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश तथा आयुक्त, विमानन (अतिरिक्त प्रभार).	—
12	डॉ. एम. के. अग्रवाल (2000), आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त, ग्वालियर.	सदस्य राजस्व मण्डल, ग्वालियर तथा कमिश्नर, चम्बल संभाग, मुरैना.	—
13	श्री पी. नरहरि (2001), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग तथा नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार).	आयुक्त, जनसम्पर्क मध्यप्रदेश तथा कार्यपालक संचालक, पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) (अतिरिक्त प्रभार)	—

(1)	(2)	(3)	(4)
14	श्री मनोज खत्री (2008), उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग तथा अपर परियोजना संचालक, राष्ट्रीय उच्च शिक्षा मिशन (अतिरिक्त प्रभार)	कलेक्टर, पन्ना	—
15	सुश्री अनुग्रह पी. (2011), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अलीराजपुर.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, डिण्डोरी.	—

(2) उपरोक्तानुसार **श्री राधेश्याम जुलानिया** द्वारा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर **श्रीमती गौरी सिंह,** भाप्रसे (1987), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग (अतिरिक्त प्रभार) केवल **प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग** के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(3) **श्री मुन श्रीवास्तव (1991), प्रमुख सचिव,** मध्यप्रदेश शासन, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग एवं विकअप-सह-आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा एवं प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम (अतिरिक्त प्रभार) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

(4) उपरोक्तानुसार **श्री अनुपम राजन** द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग तथा महानिदेशक एप्को एवं प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन का कार्यभार ग्रहण करने पर **श्री मलय श्रीवास्तव, भाप्रसे (1990),** प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा पर्यावरण विभाग एवं महानिदेशक, एप्को तथा प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन को केवल प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग तथा महानिदेशक एप्को एवं प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) उपरोक्तानुसार **डॉ. एम. के. अग्रवाल,** द्वारा कमिश्नर, चम्बल संभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर **श्री शिव नारायण रुपला, भाप्रसे (2000),** कमिश्नर, ग्वालियर संभाग एवं चंबल संभाग (अतिरिक्त प्रभार) **केवल कमिश्नर, चम्बल संभाग** के अतिरिक्त प्रभार से प्रभार से मुक्त होंगे.

(6) उपरोक्तानुसार **श्री संदीप यादव** द्वारा आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन का कार्यभार ग्रहण करने पर **श्रीमती जयश्री कियावत, भाप्रसे (2000),** आयुक्त, महिला सशक्तीकरण, मध्यप्रदेश तथा पदेन प्रबंध संचालक, महिला वित्त एवं विकास निगम तथा आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन (अतिरिक्त प्रभार) को केवल आयुक्त, एकीकृत बाल विकास सेवा मध्यप्रदेश तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन के अतिरिक्त प्रभार से प्रभार से मुक्त होंगी.

(7) **श्री एम. सेलवेन्द्रन, भाप्रसे (2002)** अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग तथा अपर आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त, ग्वालियर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(8) **श्री राजेश कुमार कौल, भाप्रसे (2007),** संयुक्त आयुक्त, प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक नियंत्रक, शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री, भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2017

क्र. ई-1-383-2017-5-एक.—डॉ. फटिंग राहुल हरिदास, भाप्रसे (2012), कार्यपालक संचालक, मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम, भोपाल तथा उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाथन विभाग (अतिरिक्त प्रभार) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, आगामी आदेश तक, पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग भी घोषित किया जाता है, तथा उन्हें उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 24 नवम्बर 2017

क्र. ई-5-479-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री प्रभांशु कमल, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग (मानव अधिकार प्रकोष्ठ) को दिनांक 26 दिसम्बर 2017 से 4 जनवरी 2018 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 24, 25 दिसम्बर, 2017 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री प्रभांशु कमल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग (मानव अधिकार प्रकोष्ठ) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री प्रभांशु कमल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रभांशु कमल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-803-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. के. खरे, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल को दिनांक 11 से 23 दिसम्बर 2017 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 9, 10 एवं 24, 25 दिसम्बर 2017 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री के. के. खरे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री के. के. खरे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. के. खरे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-847-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एस. एस. कुमरे, आयएएस., उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिनांक 27 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2017 तक बीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एस. एस. कुमरे, को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न उप सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री एस. एस. कुमरे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. एस. कुमरे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बसंत प्रताप सिंह, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 28 नवम्बर 2017

क्र. एफ-5-17-2017-एक (1).—उच्च न्यायालय न्यायाधिपतिगण (सेवा शर्तें) अधिनियम 1954 की धारा 13 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के राज्यपाल, जस्टिस श्री अनुराग श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत करते हैं:—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
1	दिनांक 25-9-2017 से दिनांक 27-9-2017 तक.	03	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 23 एवं 24-9-2017 तथा अवकाश के पश्चात् में दिनांक 28-9-2017 से 2-10-2017 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. कातिया, अपर सचिव.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 नवम्बर 2017

क्र. 2133-2017-ए-ग्यारह .—बॉयलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन, मेसर्स भारत ओमान रिफायनरी लिमि. बीना, जिला सागर के वाष्पयंत्र क्रमांक एमपी/4892 के स्टीमिंग लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ाये जाने को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से वाष्पयंत्र क्रमांक एमपी/4892 के प्रमाण पत्र की वैद्यता अवधि में दिनांक 20 नवम्बर 2017 से 19 नवम्बर 2018 तक की छूट प्रदान करता है :—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश इन्दौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.
2. उपर्युक्त अधिनियम की धारा 2 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश के पुर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.
3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.
4. नियत कालिक सफाई और नियमित रूप से तलक्षर निकलने (रेग्युलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.
5. भारतीय बायलर विनियम 1950 के विनियम 385-क के अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी.
6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शालिनी सिन्हा, अवर सचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2017

क्र. एफ 1-124-2017-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्री सिद्धार्थ बहुगुणा भापुसे, पुलिस अधीक्षक, जिला सीहोर को दिनांक 25 नवम्बर से 2 दिसम्बर 2017 तक लंदन (U.K.) में आयोजित "Sheffield hallam University" में आयोजित स्टडी टूर में सम्मिलित होने के उपरांत दिनांक 3 से 5 दिसम्बर 2017 तक तीन दिवस अर्जित अवकाश, के साथ विदेश यात्रा (Ex India Leave) की अनुमति निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रदान करता है :—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला किसी भी प्रकार का व्यय राज्य शासन द्वारा वहन नहीं किया जावेगा.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई (Assignment) नहीं लेंगे.
4. स्वीकृत अवकाश में वृद्धि नहीं करेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री सिद्धार्थ बहुगुणा भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से पुलिस अधीक्षक, जिला सीहोर को पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री सिद्धार्थ बहुगुणा भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिद्धार्थ बहुगुणा भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. एस. मुकाती, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 27 नवम्बर 2017

क्र. एफ 1-100-2017-ब-2-दो.—राज्य शासन एतद् द्वारा श्री राजेश गुप्ता, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक (गुप्त./वि.अभि.) ओ.एस.डी., संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी कुलसचिव सांची बौद्ध भारतीय-ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, भोपाल को दिनांक 9 दिसम्बर 2017 से 2 जनवरी 2018 तक पच्चीस दिवस तक संयुक्त राज्य अमेरिका की निजी विदेश यात्रा (Ex India Leave) की अनुमति/स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रदान करता है :—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला किसी भी प्रकार का व्यय राज्य शासन द्वारा वहन नहीं किया जावेगा.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई (Assignment) नहीं लेंगे.
4. स्वीकृत अवकाश में वृद्धि नहीं करेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेश गुप्ता, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से अति. पुलिस महानिदेशक (गुप्त./वि. अभि.) ओ.एस.डी., संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी कुलसचिव सांची बौद्ध भारतीय-ज्ञान अध्ययन विश्व विद्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेश गुप्ता, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश गुप्ता, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 155-93-ब-2-दो.—राज्य शासन श्री राजेश गुप्ता, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक (गुप्त./विशेष अभियान) ओएसडी संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी सांची बौद्ध भारतीय-ज्ञान अध्ययन विश्व विद्यालय, भोपाल को स्वयं का उपचार, बोम्बे हास्टपीटल मुम्बई में कराने हेतु दिनांक 16 से 18 अगस्त 2017 तक तीन दिवस लघुकृत अवकाश एवं दिनांक 19-20 अगस्त 2017 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ भोपाल से मुम्बई तक एक सहायक के साथ हवाई यात्रा की अनुमति सहित चिकित्सा अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति अखिल भारतीय सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम 1954 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेश गुप्ता, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक (गुप्त./विशेष अभियान) ओएसडी संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन, एवं प्रभारी सांची बौद्ध भारतीय-ज्ञान अध्ययन विश्व विद्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेश गुप्ता, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश गुप्ता, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 29 नवम्बर 2017

क्र. एफ 1(ए) 69-2013-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्री संजय तिवारी, भापुसे, समनि (सा) वि. शा. पुलिस मुख्यालय को परिवार सहित रायपुर (छत्तीसगढ़) जाने हेतु अवकाश यात्रा सुविधा की अनुमति एवं दिनांक 20 से 27 नवम्बर 2017 तक आठ दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुए उक्त अवकाश अवधि में खण्डवर्ष 2014-17 के विस्तार वर्ष 2017 में परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ भारत भ्रमण की यात्रा की अवकाश यात्रा सुविधा की स्वीकृति प्रदान की जाती है :—

1. श्री संजय तिवारी	—	स्वयं
2. श्रीमती श्रृद्धा तिवारी	—	पत्नि
3. प्रज्ञान	—	पुत्र
4. आराधिका	—	पुत्री

(2) श्री संजय तिवारी, भापुसे, समनि (सा) वि. शा., पुलिस मुख्यालय की अवकाश अवधि में इनका चालू कार्य श्रीमती सारिका शुक्ला, रापुसे समनि, (एक्स) वि. शा. पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ समपादित किया जाना प्रस्तावित किया गया है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजय तिवारी, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, पुलिस अधीक्षक जिला रतलाम के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजय तिवारी, भापुसे, समनि (सा) वि. शा., पुलिस मुख्यालय के कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजय तिवारी, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय तिवारी, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए)148-95-ब-2-दो.—राज्य शासन श्री डी. पी. गुप्ता, भा. पु. से., पुलिस महानिरीक्षक, (रेल) म. प्र. भोपाल को दिनांक 6 से 8 नवम्बर 2017 तक तीन दिवस अर्जित अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. पी. गुप्ता, भापुसे को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, (रेल) मध्यप्रदेश भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. पी. गुप्ता, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. पी. गुप्ता, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 30 नवम्बर 2017

क्र. एफ 1(ए) 77-2011-ब-2-दो.—राज्य शासन श्री भगवत सिंह चौहान, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, जबलपुर रेन्ज जबलपुर, को दिनांक 20 नवम्बर से 8 दिसम्बर 2017 तक उन्नीस दिवस अर्जित अवकाश, दिनांक 18-19 नवम्बर 2017 एवं 9-10 दिसम्बर 2017 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री भगवत सिंह चौहान, भापुसे की अवकाश अवधि में उनका चालू कार्य श्री शशिकांत शुक्ला, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, जबलपुर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री भगवत सिंह चौहान, भापुसे को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस उप महानिरीक्षक, जबलपुर रेन्ज जबलपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री भगवत सिंह चौहान, भापुसे, द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका 2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री भगवत सिंह चौहान, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री भगवत सिंह चौहान, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्री दास, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 27 नवम्बर 2017

फा. क्र. 5268-2017-इक्कीस-ब (एक).—न्यायिक सेवा के सदस्य श्री आशीष डेनियल, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 कोतमा जिला अनूपपुर वर्तमान पदस्थापना व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 जतारा जिला टीकमगढ़ के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के विरुद्ध संस्थित विभागीय जाँच के निष्कर्षों के आधार पर उनके द्वारा कदाचरण प्रमाणित पाये जाने पर प्रशासनिक समिति की बैठक दिनांक 27 अक्टूबर 2017 एवं फुलकोर्ट (by circulation) द्वारा लिए गए निर्णय के फलस्वरुप मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने उक्त न्यायिक अधिकारी को सेवा से पृथक् (Removal from Service) किये जाने की अनुशंसा की है.

उक्त न्यायिक अधिकारी के सेवा अभिलेख तथा समस्त सामग्री पर विचार करने के उपरान्त मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की अनुशंसा से सहमत होते हुए, राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है कि श्री आशीष डेनियल, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 कोतमा जिला अनूपपुर वर्तमान पदस्थापना व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 जतारा जिला टीकमगढ़ के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश को शास्तिस्वरूप सेवा से पृथक (Removal from Service) किया जाए.

अतः मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10(8) के प्रावधानों के अनुसार, एतद्द्वारा, राज्य शासन, श्री आशीष डेनियल, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 कोतमा जिला अनूपपुर वर्तमान पदस्थापना व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 जतारा जिला टीकमगढ़ के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश को दीर्घ शास्ति स्वरुप उक्त पद से (सेवा से) पृथक् (Removal from Service) करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एम. सक्सेना, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 नवम्बर 2017

फा. क्र. 4722-2017-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री ओ. पी. दुबे, अधिवक्ता को आदेश जारी होने के दिनांक से रायसेन जिले की बेगमगंज तहसील हेतु पैनल लॉयर के पद पर 3 वर्ष की कालावधि के लिये नियुक्ति करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संतोष प्रसाद शुक्ल, अतिरिक्त सचिव.

जेल विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 नवम्बर 2017

क्र.-एफ-06-16-2002-तीन-जेल.—जेल प्रिजन्स एक्ट, 1894 की धारा (3) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा पुरानी जेल परिसर एवं टी. टी. नगर, दशहरा मैदान को विधान सभा बैठक दिनांक 27 नवम्बर 2017 से दिनांक 8 दिसम्बर 2017 के दौरान अस्थायी जेल घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजीव दुबे, अपर सचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 दिसम्बर 2017

क्र.-2822-2786-2017-पचास-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015

(सहपठित नियम 2016) की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट जिले के लिये किशोर न्याय बोर्ड में कॉलम (3) में उल्लेखित व्यक्तियों को अध्यक्ष/सदस्य के रूप में अधिसूचना जारी दिनांक से तीन वर्ष के लिये पदांकित करता है :—

अनुसूची

क्र.	जिले का नाम	सदस्य का नाम एवं प्रवर्ग
(1)	(2)	(3)
1	सिंगरौली	1. सुश्री किरण जैन, सदस्य (अनारक्षित.)
2	रतलाम	1. श्री कैलाश नारायण जोशी, सदस्य, (अनारक्षित).
		2. श्री विरेन्द्र कुलकर्णी, सदस्य, (अनारक्षित.)
3	रायसेन	1. श्री संदीप कुमार दुवे अध्यक्ष, (अनारक्षित.)
		2. श्री हल्के भाई सेन, सदस्य, (अनारक्षित).

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पंकज शर्मा, उपसचिव.

वित्त विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 नवम्बर 2017

क्र. एफ-1(सी)-26-2016-ई-चार.—मध्यप्रदेश, स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 (क्रमांक 43 सन् 1973, की धारा 3 की उपधारा(4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 933-638-2012-ई-चार, दिनांक 28 मार्च, 2012 को अधिक्रमित करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 8, 9 और 10 के अधीन संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा मध्यप्रदेश को प्रदत्त शक्तियाँ, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (3) में उल्लेखित अधिकारियों को कॉलम (4) में वर्णित किये गये अनुसार, कॉलम (5) में अधिकथित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए प्रत्यायोजित करती हैं, अर्थात् :—

क्र.	अधिनियम की धारा	पदनाम	प्रत्यायोजित शक्तियों की विशिष्टता	अभ्युक्तियाँ
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	धारा-8 एवं धारा-9	1. अपर संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा म. प्र.	ऐसे समस्त स्थानीय निकाय के संपरीक्षा प्रतिवेदन की विषयवस्तु तैयार कराना एवं प्रतिवेदन प्रसारण कराना जिनकी वार्षिक आय अथवा व्यय राशि रुपये 50 करोड़ से रुपये 100 करोड़ तक है.	संपरीक्षा प्रतिवेदन पर क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा स्तर से निम्नानुसार कार्यवाही की जावेगी:— 1. पूर्ण संपरीक्षा प्रतिवेदन—स्थानीय प्राधिकारी एवं स्थानीय प्राधिकारी के संभागीय स्तर पर नियंत्रण अधिकारी को प्रेषित करना. 2. संक्षिप्त संपरीक्षा प्रतिवेदन—संपरीक्षा प्रतिवेदन में निहित गबन हानि तथा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन स्थानीय प्राधिकारी के विभागाध्यक्ष, महालेखाकार ग्वालियर (केवल नगरीय निकायों तथा पंचायतराज संस्थाओं के लिये) एवं विभागाध्यक्ष स्थानीय निधि संपरीक्षा को प्रेषित करना.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
		2. संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा (म. प्र.)	ऐसे समस्त स्थानीय निकाय के संपरीक्षा प्रतिवेदन की विषयवस्तु तैयार कराना एवं प्रतिवेदन प्रसारण करना जिनकी वार्षिक आय अथवा व्यय राशि रु. 50 करोड़ की सीमा तक है.	संपरीक्षा प्रतिवेदन पर क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा स्तर से निम्नानुसार कार्यवाही की जावेगी.— 1. **पूर्ण संपरीक्षा प्रतिवेदन**—स्थानीय प्राधिकारी एवं स्थानीय प्राधिकारी के संभागीय स्तर पर नियंत्रण अधिकारी को प्रेषित करना. 2. **संक्षिप्त संपरीक्षा प्रतिवेदन**—संपरीक्षा प्रतिवेदन में निहित गबन हानि तथा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन स्थानीय प्राधिकारी के विभागाध्यक्ष, महालेखाकार ग्वालियर (केवल नगरीय निकायों तथा पंचायतराज संस्थाओं के लिये) एवं विभागाध्यक्ष स्थानीय निधि संपरीक्षा मध्यप्रदेश को प्रेषित करना.
		3. उप संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा (म. प्र.)	ग्राम पंचायत (ग्राम कोष सहित) के संपरीक्षा प्रतिवेदन की विषयवस्तु तैयार कराना एवं प्रसारित कराना.	संपरीक्षा प्रतिवेदन पर जिला कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा स्तर से निम्नानुसार कार्यवाही की जावेगी.— 1. **पूर्ण संपरीक्षा प्रतिवेदन**—स्थानीय प्राधिकारी (ग्राम पंचायत), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को प्रेषित करना. 2. **संक्षिप्त संपरीक्षा प्रतिवेदन**—संपरीक्षा प्रतिवेदन में निहित गबन, हानि तथा गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन स्थानीय प्राधिकारी के विभागाध्यक्ष, महालेखाकार ग्वालियर (म. प्र.) क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा (म. प्र.) एवं विभागाध्यक्ष स्थानीय निधि संपरीक्षा (म. प्र.) को प्रेषित करना.
2	धारा-10	1. संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा (म. प्र.).	1. म. प्र. स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 8 ओर 9 के अनुसार स्थानीय निकायों के लेखों पर तैयार की गई संपरीक्षा रिपोर्ट में आपत्ति अनुसार ऐसी रकम की वसूली तथा उसे जमा करने का सत्यापन होने पर.	संपरीक्षा आपत्तियों का अंतिम निपटारा पूर्ण रूप से समाधान होने के पश्चात् ही किया जावेगा.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
			2. प्रक्रियात्मक तथा सूचनात्मक आपत्तियां होने पर. 3. संपरीक्षा आपत्तियों के निबंधनों तथा शर्तों का अनुपालन करने पर.	
		2. उप संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा (म. प्र.).	1. (म. प्र.)स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 8 ओर 9 के अनुसार समस्त ग्राम पंचायतों (ग्राम कोष सहित) तहसील/विकास खण्ड स्तरीय रोगी कल्याण समितियां एवं शासकीय अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के लेखों पर तैयार की गई रिपोर्ट में आपत्ति के अनुसार ऐसी रकम की वसूली तथा उसे जमा करने का सत्यापन होने पर. 2. प्रक्रियात्मक तथा सूचनात्मक आपत्तियां होने पर. 3. संपरीक्षा आपत्तियों के निबंधनों तथा शर्तों का अनुपालन करने पर.	संपरीक्षा आपत्तियों का अंतिम निपटारा पूर्ण रूप से समाधान होने के पश्चात् ही किया जावेगा.
3	धारा–10	1. संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा (म. प्र.)	म. प्र. स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 8 ओर 9 के अनुसार स्थानीय निकायों के लेखों पर तैयार की गई संपरीक्षा रिपोर्ट में यथा उल्लेखित हानि गबन एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता से संबंधित संपरीक्षा आपत्तियां होने पर.	संपरीक्षा आपत्तियों के प्रत्याहरण और अंतिम निपटारे की जानकारी संभागायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति के सक्षम रखी जावेगी तथा संपरीक्षा आपत्तियों के प्रत्याहरण में स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग तथा स्थानीय निकाय के मध्य एक मत न होने की स्थिति में उक्त समिति के निर्णय अनुसार आगामी कार्यवाही सम्पादित की जावेगी.
		1. उप संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा (म. प्र.)	(म. प्र.) स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 8 ओर 9 के अनुसार ग्राम पंचायतों (ग्राम कोष सहित) तहसील/ विकासखण्ड स्तरीय रोगी कल्याण समितियां एवं शासकीय अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के लेखों पर तैयार की गई रिपोर्ट में यथा उल्लेखित हानि, गबन एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता से संबंधित संपरीक्षा आपत्तियां होने पर.	ग्राम पंचायत, तहसील/विकासखण्ड स्तरीय रोगी कल्याण समितियां एवं शासकीय अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों की संपरीक्षा आपत्तियों का प्रत्याहरण और अंतिम निपटारा कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा स्थानीय प्रधिकारी द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण के प्रकाश में उपयुक्त परामर्श प्राप्त करने के पश्चात् किया जायेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिरूद्ध मुकर्जी, प्रमुख सचिव.

नगरीय विकास एवं आवास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 नवम्बर 2017

सूचना

क्र. एफ-3-171-2012-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-171-2012-बत्तीस, दिनांक 22 अगस्त 2014 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित छतरपुर विकास योजना 2021 में उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्र.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	शहर छतरपुर की भूमि	ब्लाक नम्बर-2 शीट क्रमांक-26(9) प्लाट क्रमांक-32	1451.0 वर्गमीटर में से 875 वर्गमीटर योग . . 875.00 वर्गमीटर	आमोद-प्रमोद एवं मार्ग.	वाणिज्यिक एवं मार्ग

(1) विकास योजना छतरपुर 2021 में प्रस्तावित मार्ग चौड़ाई के अनुसार शेष भूखण्ड का उपांतरण प्रस्तावित है. यह उपांतरण प्रश्नाधीन भूमि पर राष्ट्रीय राज्यमार्ग प्राधिकरण से छतरपुर विकास योजना 2021 में प्रस्तावित मार्गों की चौड़ाई से सहमति के ही अध्याधीन होगा.

(2) प्रश्नाधीन स्थल दो राष्ट्रीय राज्यमार्गों के संगम पर स्थित होने से तथा न्यूनकोण पर मिलने के कारण वस्तुत: किये जाने वाले विकास में मार्ग संरचना का नियोजन कर ही शेष विकास प्रस्तावित किया जाये.

(3) उपरोक्त उपांतरण छतरपुर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. के. साधव, उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

रायसेन, दिनांक 7 नवम्बर 2017

क्र. 2951.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)
मूल ग्राम-उमरखोह, प.ह.नं.17 उपरखोह का कुल क्षेत्रफल—1111.881 **विभाजन पश्चात् :** उपरखोह का कुल क्षेत्रफल—443.835 टपरा टोला का कुल क्षेत्रफल—668.046.	टपरा टोला प.ह.नं. 17

क्र. 2952.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)
मूल ग्राम-मरखण्डी, प.ह.नं. 34 मरखण्डी का कुल क्षेत्रफल—756.356 **विभाजन पश्चात् :** मरखण्डी का कुल क्षेत्रफल—519.607 तिन्साई का कुल क्षेत्रफल—236.749.	तिन्साई, प.ह.नं. 34

क्र. 2953.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील सिलवानी, जिला रायसेन के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)
मूल ग्राम-मेहकाजागीर, प.ह.नं. 57 मेहकाजागीर का कुल क्षेत्रफल—657.537 **विभाजन पश्चात् :** मेहकाजागीर का कुल क्षेत्रफल—390.230 लमनयाउ का कुल क्षेत्रफल—267.307.	लमनयाउ, प.ह.नं. 57

क्र. 2954.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)
मूल ग्राम-सुल्तानगंज, प.ह.नं. 4 सुल्तानगंज का कुल क्षेत्रफल—662.448 **विभाजन पश्चात् :** सुल्तानगंज का कुल क्षेत्रफल—421.573 सुल्तानगंज पठार का कुल क्षेत्रफल—240.875.	सुल्तानगंज पठार, प.ह.नं. 4

क्र. 2955.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील बेगमगंज, जिला रायसेन के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)
मूल ग्राम-बेरसला, प.ह.नं. 46 बेरसला का कुल क्षेत्रफल—442.511 **विभाजन पश्चात् :** बेरसला का कुल क्षेत्रफल—206.431 भजिया का कुल क्षेत्रफल—236.080	भजिया, प.ह.नं. 46

क्र. 2956.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील सिलवानी, जिला रायसेन के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल)	राजस्व ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)
मूल ग्राम-फुलमार, प.ह.नं. 58 फुलमार का कुल क्षेत्रफल—683.912 **विभाजन पश्चात् :** फुलमार का कुल क्षेत्रफल—455.835 जूनापुरा का कुल क्षेत्रफल—228.077	जूनापुरा, प.ह.नं. 58

क्र. 2957.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील सिलवानी, जिला रायसेन के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर एवं इससे पृथक् किया गया क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर
(1)	(2)
मूल ग्राम-नगपुरा, प.ह.नं. 52 नगपुरा का कुल क्षेत्रफल—889,.194 **विभाजन पश्चात् :** नगपुरा का कुल क्षेत्रफल—414.330 नगझिरी का कुल क्षेत्रफल—474.864	नगझिरी, प.ह.नं. 52

क्र. 2958.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (संख्या 20, 1959) की धारा 2(1) की की उपधारा (य-5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा नीचे दर्शाए अनुसूची में स्तम्भ (1) में वर्णित भूमि के भाग को स्तम्भ (2) में दर्शित नाम से तहसील सिलवानी, जिला रायसेन के अन्तर्गत राजस्व ग्राम घोषित किया जाता है :—

अनुसूची

भू-भाग का विवरण (मूल ग्राम का व पटवारी हल्का नम्बर एवं इसके पृथक् किया गया क्षेत्रफल (1)	राजस्व ग्राम का नाम व पटवारी हल्का नम्बर (2)
मूल ग्राम-सिंगपुरी, प.ह.नं. 5 सिंगपुरी का कुल क्षेत्रफल—935.312 **विभाजन पश्चात् :** सिंगपुरी का कुल क्षेत्रफल—563.611 उचेर का कुल क्षेत्रफल—371.701.	उचेर, प.ह.नं. 5

भावना वालिम्बे, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर (भू-अभिलेख) बैतूल

बैतूल, दिनांक 30 नवम्बर 2017

क्र. 9267-एल.आर.-4-का.रा.नि.-2017.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, शशांक मिश्र (भा.प्र.से.) कलेक्टर, बैतूल मध्यप्रदेश भू-राजस्व, संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए जिले की तहसील, भैसदेही के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मण्डल, भैसदेही की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का नम्बर 75, 76, 77, 78, 79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87, 88, 93, 94, 95, 98 कुल 18 जिलों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल, भैसदेही एवं पटवारी हल्का नम्बर 89, 90, 91, 92, 96, 97, 99, 100, 101, 102, 103, 104, 105, 106 कुल 14 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मंडल सावलमेंढ़ा की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 2268-एल.आर.-4-का.रा.नि.-2017.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, शशांक मिश्र (भा.प्र.से.) कलेक्टर, बैतूल मध्यप्रदेश भू-राजस्व, संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए जिले की तहसील, आमला के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मण्डल, बोरदेही की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59 कुल 17 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल, बोरदेही एवं पटवारी हल्का नम्बर 37, 38, 39, 40, 41, 42, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70 कुल 17 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मंडल मोरखा की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 2269-एल.आर.-4-का.रा.नि.-2017.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, शशांक मिश्र (भा.प्र.से.) कलेक्टर, बैतूल मध्यप्रदेश भू-राजस्व, संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए जिले की तहसील, बैतूल के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मण्डल, बैतूल-1 की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50 कुल 17 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल, बैतूल-1 एवं पटवारी हल्का नम्बर 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60 कुल 10 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मंडल कोलगांव की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 2271–एल.आर.–4–का.रा.नि.–2017.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, शशांक मिश्र (भा.प्र.से.) कलेक्टर, बैतूल मध्यप्रदेश भू–राजस्व, संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए जिले की तहसील, आमला के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मण्डल, आमला की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 35, 36 कुल 20 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल, आमला एवं पटवारी हल्का नम्बर 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34 कुल 16 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मंडल नरेरा की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 2272–एल.आर.–4–का.रा.नि.–2017.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, शशांक मिश्र (भा.प्र.से.) कलेक्टर, बैतूल मध्यप्रदेश भू–राजस्व, संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए जिले की तहसील, भैसदेही के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मण्डल, चिल्लौर की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 22, 23, 24, 25 कुल 12 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल, चिल्लौर एवं पटवारी हल्का नम्बर 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21 कुल 13 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मंडल दामजीपुरा की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 2275–एल.आर.–4–का.रा.नि.–2017.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, शशांक मिश्र (भा.प्र.से.) कलेक्टर, बैतूल मध्यप्रदेश भू–राजस्व, संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए जिले की तहसील, घोडाडोंगरी के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मण्डल, घोडाडोंगरी की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का नम्बर 18, 19, 20, 21, 33, 34, 35, 36, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58 कुल 15 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल, घोडाडोंगरी एवं पटवारी हल्का नम्बर 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51 कुल 15 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मंडल सारणी एवं पटवारी हल्का नंबर 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 कुल 11 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल पाढ़र की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 2274–एल.आर.–4–का.रा.नि.–2017.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, शशांक मिश्र (भा.प्र.से.) कलेक्टर, बैतूल मध्यप्रदेश भू–राजस्व, संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए जिले की तहसील, बैतूल के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मण्डल, खेडीसावलीगढ़ की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का 1, 2, 3, 4, 5, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27 कुल 14 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल, खेडीसावलीगढ़ एवं पटवारी हल्का नम्बर 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18 कुल 13 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मंडल कल्याणपुर की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

क्र. 2273–एल.आर.–4–का.रा.नि.–2017.—शासकीय कार्यों में सुविधा की दृष्टि से तथा कार्यों के सुचारू संचालन हेतु मैं, शशांक मिश्र (भा.प्र.से.) कलेक्टर, बैतूल मध्यप्रदेश भू–राजस्व, संहिता, 1959 की धारा 105 में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए जिले की तहसील, मुलताई के अन्तर्गत प्रशासकीय इकाई वर्तमान राजस्व निरीक्षक मण्डल, मुलताई एवं मासौद की सीमाओं को परिवर्तित करते हुए पटवारी हल्का नम्बर 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 106 कुल 24 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल, मुलताई एवं पटवारी हल्का नम्बर 98, 99, 100, 102, 102, 103, 104, 105, 114, 115, 116, 117, 118, 119, 120, 121, 122, 123, 124, 125, 126, 127, 128, 129, 130, 131, 132, 133, 134, 135 कुल 30 हल्कों का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल मासोद एवं पटवारी हल्का नम्बर 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 107, 108, 109, 110, 111, 112, 113 कुल 24 हल्का का नया राजस्व निरीक्षक मण्डल सांईखेड़ा की सीमाओं का पुनर्गठन करता हूं.

शशांक मिश्र, कलेक्टर.

कार्यालय, कलेक्टर, एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला शहडोल, मध्यप्रदेश

शहडोल, दिनांक 20 जून 2017

क्र. 18-भू-अभि.-नवी.था.-2017-764.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973(1974 का सरल क्रमांक 2) की धारा 2 के खण्ड एस एवं शासन के आदेश क्रमांक-एफ-2(क)-15-99-बी-3-दो, दिनांक 11 अक्टूबर 2004 एवं पत्र क्रमांक एफ-2(क)-9-08-बी-3-दो, दिनांक 30 जुलाई 2010 द्वारा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा जिला अभियोजन अधिकारी की जिला समिति को प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए समिति की बैठक दिनांक 13 जून 2017 में लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में नीचे दी गयी सारणी में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व की अधिसूचना में आंशिक उपान्तरण करते हुए इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से:—

एक- नीचे दी गयी सारणी के कालम (1) में उल्लिखित पुलिस थाने से उसके (सारणी के) कालम (2) में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को अपवर्जित करते हैं तथा

दो- सारणी के कालम (2) में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को सारणी के कालम (3) में उल्लिखित पुलिस थाने, में सम्मिलित करती है.

सारणी

पुलिस थाने का नाम (तहसील जिला सहित) जिसमें से अपवर्जित किया गया है	ग्राम/स्थानीय क्षेत्र का नाम	पुलिस थाने का नाम (तहसील जिला सहित) जिसमें सम्मिलित किया गया है
(1)	(2)	(3)
पुलिस थाना बुढ़ार तहसील बुढ़ार जिला शहडोल म. प्र.	1. खैरहा 2. बरतरा 3. खन्नाथ 4. नवगवां 5. गरूहा 6. अरझुली 7. देवगवां 8. अरझुला 9. छिरहटी 10. सिरौंजा 11. पिपरिया 12. सारंगपुर 13. सिलपरी 14. कठई 15. धमनीकला 16. धमनीखुर्द 17. जवारी 18. करकटी 19. चौराडीह 20. देवगई 21. लखवरिया 22. कोईलहा 23. कुदरी 24. कंदोहा 25 राजेन्द्र कालोनी (सिरौंजा) 26. मझियार 27. भोंदलखार 28. बंगवार 29. धनौरा 30. अमहाई 31. छिरहनी 32. बरछीडांड	पुलिस थाना खैरहा तहसील बुढ़ार जिला शहडोल म. प्र.

मुकेश कुमार शुक्ल, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्र. एफ 2-121-2017-अ-तेहत्तर भोपाल, दिनांक 16 नवम्बर 2017

वाणिज्य उद्योग एवं रोजगार विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 2-6/2014/अ-ग्यारह दिनांक 21.07.2014, सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग के आदेश क्रमांक एफ 2-2/2016/अ-तेहत्तर, दिनांक 09.06.2016 एवं एफ 2-2/2016/अ-तेहत्तर, दिनांक 29.08.2016 को अधिक्रमित करते हुए (1) मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, (2) मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना,(3) मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं (4) मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना का क्रियान्वयन निम्न निर्देशों के तहत किया जाना है :

1.1 **<u>मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना</u>**

योजना का लाभ केवल नवीन उद्यमों की स्थापना हेतु देय होगा। योजनान्तर्गत उद्यमी के प्रशिक्षण का भी प्रावधान होगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की अर्हता एवं वित्तीय सहायता संबंधी प्रावधान निम्नानुसार होंगे :-

(i) **परियोजना लागत** : रूपये 10 लाख से 2 करोड़ तक ।

(ii) **पात्रता :**

(क) आयु : 18-40 वर्ष ।

(ख) शैक्षाणिक योग्यता : न्यूनतम दसवीं कक्षा उत्तीर्ण ।

(ग) आय सीमा : कोई बंधन नहीं, परन्तु आवेदक का परिवार पहले से ही उद्योग/व्यापार क्षेत्र में स्थापित होकर आयकरदाता न हो।

(iii) **वित्तीय सहायता** :

(क) मार्जिनमनी सहायता : (अ) सामान्य वर्ग हेतु परियोजना के पूँजीगत लागत का 15 प्रतिशत। (अधिकतम रूपये 12 लाख)

(ब) BPL हेतु परियोजना के पूँजीगत लागत का 20

प्रतिशत। (अधिकतम रूपये 18 लाख)

(ख) ब्याज अनुदान : परियोजना के पूँजीगत लागत पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से तथा महिला उद्यमी हेतु 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से, अधिकतम 7 वर्षों तक। (अधिकतम रूपये 5 लाख प्रतिवर्ष)

(ग) गांरटी फीस (CGTMSE) : प्रचलित दर से अधिकतम 7 वर्षों तक ।

(iv) प्रशिक्षण : उद्यमियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था के संबंध में सम्पूर्ण योजना बनाकर वित्त विभाग की अनुमति से संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

(v) पात्र परियोजनायें : उद्योग (विनिर्माण) एवं सेवा क्षेत्र की समस्त परियोजनायें जो CGTMSE अन्तर्गत बैंक ऋण गांरटी के लिए पात्र हैं।

(vi) योजना का क्रियान्वयन : इस योजना का क्रियान्वयन- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा किया जायेगा ।

1.2 मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना

योजना का लाभ केवल कृषक पुत्री/पुत्र द्वारा नवीन उद्यमों की स्थापना हेतु देय होगा । इस योजनान्तर्गत अर्हता एवं वित्तीय सहायता संबंधी प्रावधान निम्नानुसार होंगे :-

(i) परियोजना लागत : रूपये 10 लाख से 2 करोड़ तक ।

(ii) पात्रता :

(क) आयु : 18-40 वर्ष ।

(ख)शैक्षाणिक योग्यता : न्यूनतम दसवीं कक्षा उत्तीर्ण ।

(ग) आय सीमा : कोई बंधन नहीं, परन्तु आवेदक का परिवार पहले से ही उद्योग/व्यापार क्षेत्र में स्थापित होकर आयकरदाता न हो।

(घ) किसान पुत्री/पुत्र : किसान पुत्री/पुत्र वह होंगे जिनके माता, पिता या स्वयं के पास कृषि भूमि हो तथा वह आयेकरदाता न हो।

(iii) वित्तीय सहायता :

